

जालंधर, रविवार 7 अप्रैल 2024

JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH

+91 97814 00247

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



**सुविचार**

जहां हम नहीं होते हैं वहां हमारे गुण व अवगुण हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं


@vandebharat24 vandebharat24news @vandebharat24news www.vandebharat24.com


# किसी को नहीं है खबर, 'Disease X... ' से हो सकती है 5 करोड़ लोगों की मौत, WHO की चेतावनी ...

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** World Health Organization (WHO) ने Disease X नाम से एक महामारी के बारे में जानकारी दी है जो करोड़ों लोगों की जान ले सकता है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में हेल्थ ट्रेस्ट के संस्थापक और निदेशक रामानन लक्ष्मीनारायण ने हाल ही में भविष्य में आने वाली इस बीमारी के बारे में बात की। अभी इस बीमारी को लेकर पूर्वअनुमान लगाए जा रहे हैं। पिछले बीस सालों में केवल कोरोना वायरस के कारण SARS, MERS और कोविड-19 जैसी महामारी का लोग



सामना कर चुके हैं। ऐसे में वैज्ञानिक अनुमान लगा रहे हैं कि इंफेक्शन को खत्म करने वाली दवाओं के प्रतिरोधजनक भी पैदा हो चुके हैं जो धीरे-धीरे दुनिया में बैक्टीरिया के रूप में फैल रहे हैं।

### कितनी भयानक हो सकती है Disease X महामारी

रामानन लक्ष्मीनारायण ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि Disease X कवक बैक्टीकरिया का अटैक हो सकता है। चूंकि हमारे शरीर में इस बीमारी के खिलाफ अब तक कोई टीके नहीं लगे हैं तो इससे सभी लोगों को खतरा है। ऐसा माना जा रहा है कि Disease X कोरोना महामारी से 7 गुना ज्यादा घातक होगी। आपको जानकर हैरानी होगी कि आने वाले समय में जो महामारी करोड़ों लोगों को बीमार करेंगी, उसकी दवाएं भी हमारे पास अभी नहीं हैं।

### बर्ड फ्लू (Bird Flu) का बढ़ गया है खतरा

HzNv फ्लू या फिर एवियन इन्फ्लूएंजा के मामले फिलहाल तेजी से बढ़ रहे हैं। अमेरिका में एक व्यक्ति Bird Flu के लक्षण देखने को मिले। ये वायरस न सिर्फ इंसान बल्कि बिल्ली, गाय और स्तनधारियों में भी फैल रहा है। Bird Flu को कोरोना से 100 गुना बदतर माना गया है।

## ओवरटेक कर रही गाड़ी से टक्कर के बाद फॉर्च्यूनर को लगी आग

# जिंदा जले लुधियाना के एसीपी और गनमैन





**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लुधियाना में समराला के गांव दयालपुरा के पास चंडीगढ़ रोड मैन हाईवे पर शुक्रवार देर रात करीब एक बजे स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर में बेकाबू हुई फॉर्च्यूनर में आग लग गई। इसमें लुधियाना पूर्वी से एसीपी संदीप सिंह और उनके गनमैन प्रभजोत सिंह जिंदा ही जल गए। गाड़ी का ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी है जिसे निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

सूचना मिलने के बाद समराला पुलिस के उच्च अधिकारी और थाना समराला के पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस स्कॉर्पियो कर चालक का भी पता लगाने में जुट गई है।

लुधियाना के पूर्वी सबडिवीजन में तैनात एसीपी संदीप सिंह अपने सरकारी गनमैन प्रभजोत सिंह और ड्राइवर के साथ फॉर्च्यूनर कार में चंडीगढ़ जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी समराला के गांव दयालपुरा के पास हाईवे





पर पहुंची तो एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक किया। इससे फॉर्च्यूनर बेकाबू हो गई और कार में आग लग गई।

कार में सवार एसीपी और उनके गनमैन दरवाजा खोलने की कोशिश में जुटे रहे, मगर कार का दरवाजा नहीं खुला। जिस कारण दोनों ही जिंदा जल गए। आसपास के लोगों ने कार में आग पर काबू पाया और कार के दरवाजे खोले। तब तक दोनों जल चुके थे। घायल ड्राइवर को लोगों ने ही अस्पताल में दाखिल करवाया। बताया जा रहा है कि कार पूरी तरह से जल गई है। थाना समराला पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अदालत में केजरीवाल की पेशी का वीडियो वायरल

## सुनीता केजरीवाल सहित कई नेताओं के खिलाफ शिकायत कराई गई दर्ज

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अदालत में पेशी के दौरान सुनवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। दिल्ली हाई कोर्ट के वकील वकील वैभव सिंह ने मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सुनीता केजरीवाल के साथ तिमारपुर की पार्षद प्रमिला गुप्ता और राजस्थान कांग्रेस की उपाध्यक्ष विनीता जैन सहित राजनीतिक दल के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है।



**उचित कार्रवाई करने की मांग :** शिकायत में मामले में विस्तृत जांच और जानबूझकर अवहेलना करने के लिए सभी व्यक्तियों व राजनीतिक दलों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।


शेष पृष्ठ 2 पर








आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# ਪੰਜਾਬ ’ਚ ਫਿਰ ਵੱਡੀ ਵਾਰਦਾਤ

# ਦਿਨ ਦਿਹਾੜੇ ਜਿਊਲਰ ਸ਼ਾਪ ਤੋਂ 13 ਤੋਲੇ ਸੋਨਾ ਲੁੱਟਿਆ



**ਜਲੰਧਰ (ਹਰਸ ਸਰਮਾ) :** ਬਟਾਲਾ ਦੇ ਮਾਨ ਨਗਰ ਰਿਹਾਸੀ ਇਲਾਕੇ ‘ਚ ਦਿਨ ਦਿਹਾੜੇ ਲੁਟੇਰਿਆਂ ਨੇ ਗੰਨ ਪੁਆਇੰਟ ‘ਤੇ ਬੱਬਰ ਜਿਊਲਰ ਨੂੰ ਨਿਸ਼ਾਨਾ ਬਣਾਉਂਦਿਆਂ 13 ਤੋਲੇ ਸੋਨੇ ਸਮੇਤ 5 ਹਜਾਰ ਦੀ ਨਗਦੀ ਦੀ ਲੁੱਟ ਲਈ। ਵਾਰਦਾਤ ਨੂੰ ਅੰਜਾਮ ਦੇਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੁਲਜਮ ਤੇਜੀ ਨਾਲ ਫਰਾਰ ਹੋ ਗਏ। ਪੁਲਸ ਨੂੰ ਲੁੱਟ ਦੀ ਇਤਲਾਹ ਮਿਲਦੇ ਹੀ ਮੌਕੇ ‘ਤੇ ਡੀ. ਐੱਸ. ਪੀ. ਅਤੇ ਹੋਰ ਪੁਲਸ ਅਧਿਕਾਰੀ ਮੌਕੇ ‘ਤੇ ਪੁੰਹਚ ਗਏ ਅਤੇ ਜਾਂਚ ਸੁਰੂ ਕਰ ਦਿੱਤੀ।ਉਥੇ ਹੀ ਲੁਟੇਰੇ ਮੋਟਰਸਾਈਕਲ ‘ਤੇ ਭੱਜਦੇ ਸਮੇਂ ਸੀ. ਸੀ. ਟੀ. ਵੀ. ਕੈਮਰੇ ਵਿਚ ਕੈਦ ਹੋਏ ਹਨ। ਬੱਬਰ ਜਿਊਲਰ ਦੇ ਮਾਲਕ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਦੁਪਹਿਰ ਦੇ ਸਮੇਂ ਪਹਿਲਾਂ ਇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ‘ਤੇ ਸੋਨੇ ਦੀ ਮੁੰਦਰੀ ਵੇਖਣ ਲਈ ਆਇਆ ਅਤੇ ਉਥੇ ਹੀ ਮੁੜ ਇਕ ਨਿਹੰਗ ਸਿੰਘ ਦੇ ਬਾਣੇ ਵਿਚ ਵਿਅਕਤੀ ਆ ਗਿਆ ਅਤੇ ਦੇਖਦੇ ਹੀ ਉਹ ਤਿੰਨ ਜਣੇ ਹੋ ਗਏ ਅਤੇ ਅਚਾਨਕ ਇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਨੇ ਰਿਵਾਲਵਰ ਕੱਢ ਲਿਆ, ਦੂਸਰੇ ਨੇ ਤੇਜਧਾਰ ਦਾਤਰ ਕੱਢਦੇ ਹੋਏ ਉਸਦੇ 13 ਤੋਲੇ ਸੋਨੇ ਦੇ ਗਹਿਣੇ ਜੋ ਕਰੀਬ ਸਾਢੇ ਸੱਤ ਲੱਖ ਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਪੰਜ ਹਜਾਰ ਦੀ ਨਗਦੀ ਵੀ ਲੁੱਟ ਲਈ।


ਵਾਰਦਾਤ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਲੁਟੇਰੇ ਤੇਜੀ ਨਾਲ ਫਰਾਰ ਹੋ ਗਏ। ਪੀੜਤ ਦੁਕਾਨਦਾਰ ਨੇ ਇਨਸਾਫ ਦੀ ਗੁਹਾਰ ਲਗਾਈ ਹੈ।ਪੁਲਸ ਜਿਲ੍ਹਾ ਬਟਾਲਾ ਦੇ ਡੀ. ਐੱਸ. ਪੀ. ਆਜਾਦ ਦਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਘਟਨਾ ਬਾਰੇ ਦੱਸਦੇ ਹੋਏ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪੀੜਤ ਦੇ ਬਿਆਨ ਦਰਜ ਕਰ ਲਏ ਗਏ ਹਨ। ਪੁਲਸ ਵੱਲੋਂ ਨੇੜੇ ਦੇ ਸੀ. ਸੀ. ਟੀ. ਵੀ. ਖੰਘਾਲੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ।ਮੁਲਜਮਾਂ ਨੂੰ ਜਲਦੀ ਹੀ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰ ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇਗਾ।

# ਦਿਨ-ਦਿਹਾੜੇ ਹੋਈ ਵੱਡੀ ਵਾਰਦਾਤ, ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚ ਪਿਸਤੌਲ ਦੀ ਨੋਕ ਤੇ 20 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਲੁੱਟ

**ਜਲੰਧਰ (ਕਾਜਲ) :** ਆਈ.ਸੀ.ਆਈ.ਸੀ.ਆਈ. ਬੈਂਕ ਦੀ ਸ਼ਾਖ਼ਾ ਵਿੱਚ ਸ਼ਨੀਵਾਰ ਨੂੰ ਲੁਟੇਰਿਆਂ ਵੱਲੋਂ ਹਥਿਆਰਾਂ ਦੀ ਨੋਕ ’ਤੇ 20 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਲੁੱਟ ਕੇ ਫ਼ਰਾਰ ਹੋ ਜਾਣ ਦੀ ਖ਼ਬਰ ਹੈ। ਦੁਪਹਿਰ ਲਗਪਗ 2 ਵਜੇ ਤਰਨ ਤਾਰਨ ਸੜਕ ’ਤੇ ਸਥਿਤ ਬੈਂਕ ਦੀ ਸ਼ਾਖ਼ਾ ਵਿੱਚ ਵਾਪਰੀ ਇਸ ਘਟਨਾ ਬਾਰੇ ਇਹ ਜਾਣਕਾਰੀ ਸਾਹਮਣੇ ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਤਿੰਨ ਹਥਿਆਰਬੰਦ ਲੁਟੇਰੇ ਬੈਂਕ ਦੇ ਅੰਦਰ ਪੁੱਜੇ ਅਤੇ ਬੈਂਕ ਦੇ ਕੈਸ਼ ਕਾਊਂਟਰ ਦੇ ਅੰਦਰ ਦਾਖ਼ਲ ਹੋ ਗਏ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪਿਸਤੌਲਾਂ ਦੀ ਨੋਕ ’ਤੇ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚ ਪਏ 20 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਸਾਂਭੇ ਅਤੇ ਬੈਂਕ ਦੇ ਬਾਹਰ ਖੜ੍ਹੀ ਕੀਤੀ ਐਕਟਿਵਾ ’ਤੇ ਸੁਆਰ ਹੋ ਕੇ ਫ਼ਰਾਰ ਹੋ ਗਏ।

ਇਕ ਬੈਂਕ ਕਰਮੀ ਨੇ ਮੀਡੀਆ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰਦਿਆਂ ਦੱਸਿਆ ਕਿ 1.55 ਵਜੇ ਤਿੰਨ ਵਿਅਕਤੀ ਅੰਦਰ ਆਏ ਅਤੇ ਪਿਸਤੌਲ ਵਿਖ਼ਾ ਕੇ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚ ਪਏ 15 ਤੋਂ 20 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਲੈ ਕੇ ਫ਼ਰਾਰ ਹੋ ਗਏ। ਉਸਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਇਸ ਮੌਕੇ ਬੈਂਕ ਦੇ ਅੰਦਰ ਕੋਈ ਗਾਹਕ ਨਹੀਂ ਸੀ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਕੋਈ ਸਕਿਉਰਿਟੀ ਗਾਰਡ ਮੌਜੂਦ ਸੀ।

ਘਟਨਾ ਦੀ ਸੂਚਨਾ ਮਿਲਦੇ ਹੀ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਸ:ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਭੁੱਲਰ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਵਿੱਚ ਸੀਨੀਅਰ ਅਧਿਕਾਰੀ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚ ਪੁੱਜੇ ਅਤੇ ਘਟਨਾ ਬਾਰੇ ਪੁੱਛ ਪੜਤਾਲ ਕਰਕੇ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਵਿੱਚ ਕਾਰਵਾਈ ਦੇ ਆਦੇਸ਼ ਦਿੱਤੇ ਹਨ।




# GOOGLE PAY से उड़े 1 करोड़ 50 लाख, कहीं आपके साथ ना हो जाएं ऐसा...




**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** पंजाब के गिद्दड़बाहा हलके के गांव रुखाला के एक व्यक्ति को अज्ञात ठगों ने ‘कौन बनेगा करोड़पति’ में लॉटरी लगने की बात कहकर उसके मोबाइल फोन को हैक कर अलग-अलग बैंक खातों से करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपए उड़ा लिए। पुलिस द्वारा इस संबंधी मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव रुखाला के हरभगवान सिंह ने बताया कि उसके पिता इंद्रजीत सिंह पुत्र नारायण सिंह को दिनांक 24-5-2021 को मोबाइल नंबर 95890-68215 से व्हाट्सएप कॉल आया, जिस पर उनके पिता को बताया गया कि उनकी कौन बनेगा करोड़पति में लॉटरी लगी है और लॉटरी के पैसे पाने के लिए उन्हें 20 हजार रुपए ट्रांसफर करने होंगे, जिस पर उनके पिता ने गूगल पे से 20 हजार रुपए भेज दिए। इसके बाद उनके पिता ने अनजाने में उन्हें फिर से इतने ही रुपए गूगल पे कर दिए। उसके बाद अगस्त 2023 तक उनके पिता की एच.डी.एफ.सी. बैंक गिद्दड़बाहा के 2 खातों और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच गिद्दड़बाहा के एक खाते से उक्त अज्ञात ठगों ने करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए, जो उनके पिता के मोबाइल फोन से गूगल पे के जरिए अलग-अलग नंबरों पर ट्रांसफर होते रहे, जबकि उनके पिता इंद्रजीत सिंह ने फिर कभी दोबारा गूगल पे नहीं किया।

इसके बाद उसके पिता को मोबाइल नंबर 95451-95 839 से फोन आया और उन्होंने कहा कि रकम वापस करनी है लेकिन आपको टैक्स देना होगा, जिस पर दिनांक 1-10-2021 से 13-10-2021 तक आर.टी.जी.एस. द्वारा उनके पिता के एच.डी.एफ.सी. बैंक गिद्दड़बाहा के खाते से करीब 32 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

इतना ही नहीं, उक्त रकम ठगने के बाद भी उन्हें मोबाइल नंबर 78884-48479, 86778-59678 से लगातार कॉल आती रहीं कि उनके खाते में और पैसे जमा कर दिए जाएं, ताकि उनके पहले के पैसे वापस आ सकें। उक्त मामले को लेकर पुलिस की जांच में पता चला कि अज्ञात ठगों द्वारा यू.पी.आई. ट्रांसफर के जरिए करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी और जालसाजी की गई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 420, 120 -बी आई.पी.सी. और धारा 66-डी. आ.ई.टी एक्ट 2000 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

# मानसा में गैंगस्टरों से मुठभेड़, तीन जख्मी; बुलेट प्रूफ जैकेट से बची ASI की जान

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** शुक्रवार शाम को गांव ख्याला कलां में पुलिस और गैंगस्टरों में हुई मुठभेड़ में तीन गैंगस्टर जख्मी हो गए जबकि एक को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। इस मुठभेड़ में आरोपितों की ओर से की गई फायरिंग के दौरान बुलेटप्रूफ जैकेट पहनने से एएसआइ की जान बच गई।




**मेडिकल शॉप पर की गई फायरिंग :** आरोपितों का संबंध एक दिन पहले मानसा के दो मेडिकल शॉप पर की गई फायरिंग से है। पुलिस के अनुसार इनमें से दो ने ही मेडिकल शॉप्स पर फायरिंग की थी और उनके दो साथियों ने उन्हें भागने में मदद की थी। पुलिस ने तीनों जख्मियों को भी गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा के बीच सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया है।

पुलिस के अनुसार मानसा में दुकानों पर फायरिंग करने वाले गैंगस्टरों के ग्रुप से संबंधित हैं, जिनके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। आरोपितों की पहचान गांव बाघा के गुरजिंदर सिंह, मानसा के टैनी और मानसा के ही लवप्रीत और जसप्रीत के रूप में हुई है।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज :** लवप्रीत और जसप्रीत दोनों सगे भाई हैं और उन्होंने ही दोनों की भागने में मदद की थी। चार अप्रैल को मेडिकल स्टोरों पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दुकानदारों की शिकायत पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसकी जांच करते हुए पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि फायरिंग करने वाले लोग गांव ख्याला कलां की तरफ जा रहे हैं और उनके साथ दो अन्य लोग भी हैं।

इस सूचना के बाद पुलिस ने टीम का गठन कर आरोपितों का पीछा करना शुरू कर दिया।

पृष्ठ 1 का शेष

## अदालत में केजरीवाल की पेशी का...

द्वशिकायत में कहा गया है कि आप पार्टी के कई सदस्यों समेत अन्य ने जानबूझकर अदालत की कार्यवाही को बदनाम करने और हेरफेर करने के इरादे से अदालत की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग की और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया।

**केजरीवाल ने क्या-क्या कहा था :** 28 मार्च को केजरीवाल की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई थी जिसमें केजरीवाल ने अपना बयान दिया था। इसी बयान को बाद में वायरल किया गया। इस दौरान केजरीवाल ने ईडी और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया था। केजरीवाल ने कहा- दिल्ली आबकारी मामले में असली घोटाला ईडी की जांच के बाद हुआ है। इसका मकसद आप को क्रश करना था, एक ऐसा माहौल बनाना था कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचारी है। केजरीवाल ने कहा, शरद रेड्डी को जमानत दो कारणों से मिली। पहला, शरद रेड्डी ने मेरे खिलाफ बयान दिया और शरद रेड्डी ने गिरफ्तार होने के बाद 55 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिया। गिरफ्तार होने के बाद शरद रेड्डी ने 55 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे और उसके बाद उसे जमानत मिल गई। इससे मनी ट्रेल साबित हो जाता है। इस पूरी जांच का मकसद आम आदमी पार्टी को क्रश करना था। ईडी ने मुझे गिरफ्तार किया है, ना तो किसी कोर्ट ने मुझे दोषी करार दिया है और ना ही मेरे ऊपर कोई मुकदमा चला है, ना ही मेरे ऊपर कोई आरोप तय हुआ है, ना ही मेरे ऊपर कोई आरोप लगे हैं। अभी तक सीबीआई 31,000 पेज कोर्ट में फाइल कर चुकी है और 294 गवाहों से पूछताछ कर चुकी है। ईडी लगभग 162 गवाहों से पूछताछ कर चुकी है और 25,000 पेज फाइल कर चुकी है। इन सारे गवाहों और कागजों को मिलाकर मुझे क्यों गिरफ्तार किया गया है?

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






# पुरुषों के लिए चेतावनी ! अगले 20 सालों में दोगुने हो जाएंगे प्रोस्टेट कैंसर के मरीज

**जालंधर ( हिमांशु ) :** दुनिया भर में 2020 तथा 2040 के बीच प्रोस्टेट कैंसर के मामले दोगुने से अधिक होने और मौतों में 85 प्रतिशत की वृद्धि होने की आशंका है तथा इसका सर्वाधिक प्रभाव निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) पर पड़ सकता है। यह बात प्रोस्टेट कैंसर संबंधी लैंसेट आयोग ने कही। यह वैश्विक स्तर पर पुरुषों में होने वाला सबसे आम प्रकार का कैंसर है।

### वृद्ध पुरुषों को ज्यादा खतरा

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि कम निदान और एलएमआईसी में डेटा संग्रह संबंधी अवसर चूकने के कारण वास्तविक संख्या बहुत अधिक होने की संभावना है। अनुसंधान से जुड़े लोगों ने कहा कि वृद्ध पुरुषों में प्रोस्टेट (पौरुष ग्रन्थि) कैंसर के अधिक मामले सामने आएंगे और 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र जोखिम कारक होने के मद्देनजर जीवनशैली में बदलाव एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप आगामी वृद्धि को रोकने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।



### क्या होता है प्रोस्टेट कैंसर

अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में 2020 तथा 2040 के बीच प्रोस्टेट कैंसर के मामले दोगुने से अधिक होने और मौतों में 85 प्रतिशत की वृद्धि होने की आशंका है ।प्रोस्टेट कैंसर जेनेटिक, मोटापे जैसे कारकों से संबंधित लोगों में अन्य लोगों की तुलना में अधिक होता है। यह अखरोट के आकार की एक छोटी ग्रंथि होती है जो पुरुषों के ब्लैडर और प्राइवेट पार्ट के बीच में स्थित होती है। आमतौर पर प्रोस्टेट कैंसर तब शुरू होता है जब प्रोस्टेट ग्रंथि में कोशिकाएं नियंत्रण से बाहर होने लगती हैं।

### प्रोस्टेट कैंसर की जांच करवानी जरूरी

प्रोस्टेट कैंसर के शुरुआती स्टेज में कोई लक्षण नहीं दिखता है। अगर कैंसर ज्यादा बढ़ जाता है तो पुरुष के रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है, मूत्राशय और मलाशय पर उनका नियंत्रण हट जाता है। डॉक्टर सलाह देते हैं कि 45-50 की उम्र के बाद हर पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर की जांच करानी चाहिए ताकि शुरुआती स्टेज में ही इसका ईलाज हो सके।

# कोरोना से 100 गुना ज्यादा ताबाही मचा सकता है Bird Flu

## एक्सपर्ट्स ने HzNv वायरस को बताया नई महामारी की वजह!




**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** बीते दिनों अमेरिका के टेक्सास में एक व्यक्ति के बर्ड फ्लू (Bird Flu) से संक्रमित होने के बाद से ही इसे लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी बीच अब विशेषज्ञों ने इसे लेकर खतरे की घंटी बजा दी है।

अंटार्कटिक में पेंगुइन में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद अब इंसानों के ॥5ह्1 वायरस से संक्रमित होने के बाद वैज्ञानिकों ने इस संक्रमण को लेकर चेतावनी जारी की है। हेल्थ एक्टपर्ट्स में इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक और महामारी को लेकर अलर्ट जारी किया है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

इस मामले पर बर्ड फ्लू शोधकर्ताओं, डॉक्टरों और सरकारी एजेंसियों के अधिकारियों की मौजूदगी में हुए एक प्रेस क्रॉन्फ्रेंस में लोगों को एवियन फ्लू यानी बर्ड फ्लू के बारे में आगाह किया गया। इस दौरान बर्ड फ्लू शोधकर्ता डॉ. सुरेश कुचिपुड़ी ने कहा कि यह वायरस कई वर्षों या शायद दशकों से महामारी की सूची में टॉप पर है और अब हम खतरनाक रूप से इसके करीब पहुंच रहे हैं। यह वायरस संभावित रूप से एक महामारी का कारण बन सकता है। वहीं, एक अन्य विशेषज्ञ जॉन फुल्टन का कहना है कि यह कोविड से 100 गुना खराब हो सकता है, अगर यह म्यूटेट होकर उच्च मृत्यु दर को बनाए रखता है।

### पहले भी इंसानों में पाया गया बर्ड फ्लू

सिर्फ टेक्सास में ही नहीं, अमेरिका के अन्य राज्यों में भी बर्ड फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं। यह पर ये वायरस गायों में फैल चुका है। वहीं, बात करें इंसानों में इस वायरस के फैलने कि तो अमेरिका में मनुष्यों में एवियन फ्लू का यह दूसरा मामला है। इससे पहले पहला मामला साल 2022 में कोलोराडो में सामने आया था। यह बर्ड फ्लू का पहला मानव मामला नहीं है।

दुनियाभर में , 1 जनवरी 2003 से 26 फरवरी 2024 तक 23 देशों में बर्ड फ्लू से इंसानों के संक्रमित होने के 887 मामले सामने आए। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) के अनुसार, इन 887 मामलों में से 462 मामले घातक थे।

### पहली बार कब सामने आया बर्ड फ्लू?

बर्ड फ्लू वायरस, जो अब ध्यान सभी के लिए चिंता का विषय बन रहा है, पहली बार साल 1959 में पहचाना गया था। साल 2020 के बाद से, यह वायरस कई देशों में कुत्तों और बिल्लियों सहित कई जानवरों में फैल गया है।

### बर्ड फ्लू के लक्षण

बात करें इसके लक्षणों की तो, बर्ड फ्लू के लक्षण किसी भी अन्य फ्लू की तरह ही होते हैं। इनमें खांसी, शरीर में दर्द और बुखार शामिल हैं। हालांकि, कुछ लोगों को इसकी वजह से गंभीर या जानलेवा निमोनिया भी हो सकता है।



# बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर हमला, गाड़ी में तोड़फोड़, दो अधिकारियों को मामूली चोटें

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पश्चिम बंगाल में केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफ हमले रुकने का नाम नहीं ले रही है। संदेशखाली में ईडी टीम को निशाना बनाए जाने के बाद अब एनआईए पर हमले की खबर आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, अब पूर्व मेदिनीपुर के भूपतिनगर में केंद्रीय एजेंसी एनआईए की टीम पर हमला किया गया। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देशानुसार एनआईए टीम शनिवार को जांच के लिए गई थी। आरोप है कि जांचकर्ताओं की कार में तोड़फोड़ की गई।

एनआईए ने दावा किया कि दो व्यक्ति को पूछताछ के लिए ले जाते समय उन पर हमला किया गया। एनआईए के अधिकारी इलाके में हुए विस्फोट की जांच के लिए भूपतिनगर गए थे। यहां से जब एनआईए की टीम दो लोगों को पकड़कर ले जा रही थी, आरोप है कि उसी समय ग्रामीणों ने दोनों की रिहाई की मांग करते हुए एनआईए की गाड़ी को घेर लिया और कार पर हमला कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने गाड़ी पर पत्थर भी बरसाए। सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में एनआईए के दो अधिकारियों को मामूली चोट आई हैं। एनआईए ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने कहा है कि भूपतिनगर में केंद्रीय पुलिस बल का बड़ा जत्था तैनात कर दिया गया है। बता दें कि 2 दिसंबर 2022 को भूपतिनगर थाने के भगवानपुर 2 ब्लॉक के अर्जुन नगर ग्राम पंचायत के नैराबिला गांव में रात करीब 11 बजे भयानक बम विस्फोट हुआ था।

घटना में तृणमूल बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना, उनके भाई देवकुमार मन्ना और विश्वजीत गायेन की मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस इलाके में गई और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बाद में कोर्ट के आदेश पर एनआईए ने घटना की जांच अपने हाथ में ली। कोर्ट के आदेश पर विस्फोट की घटना की जांच करने जाने पर एनआईए पर यह हमला हुआ।




# क्या पुरानी पेंशन पर गोल-गोल घूमना कांग्रेस को पड़ सकता है भारी?

## जानें पार्टी के घोषणा-पत्र में ऐसा क्या

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** केंद्र और राज्य सरकारों में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारी संगठनों को कांग्रेस पार्टी से बड़ी उम्मीद थी कि वह ओपीएस के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल करेगी।

पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को घोषणापत्र जारी करते समय कहा, ये मुद्दा हमारे दिमाग में है। इससे पीछे नहीं हट रहे हैं, लेकिन अभी केंद्र सरकार ने वित्त सचिव की अध्यक्षता में ओपीएस के समाधान के लिए कमेटी गठित कर रखी है। उसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। रिपोर्ट देखने के बाद पार्टी अगला कदम उठाएगी।

**कांग्रेस ने लिया 10 करोड़ वोटों का जोखिम :** पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित, नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा ने पहले ही कहा था कि जो भी दल पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को अपने घोषणापत्र में शामिल करेगा, उसे कर्मचारी और उनसे जुड़े 10 करोड़ वोट मिलेंगे। जानकारों का कहना है कि अब कांग्रेस पार्टी ने ओपीएस को अपने घोषणापत्र में शामिल न कर, 10 करोड़ वोटों का जोखिम ले लिया है। दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि इन वोटरों का फायदा अब भाजपा को पहुंच सकता है।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित, नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति ने पहले अनिश्चितकालीन स्ट्राइक की घोषणा की थी। 19 मार्च को कर्मचारी संगठनों द्वारा केंद्र सरकार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस दिया जाना था। इसके बाद एक मई से हड़ताल पर जाने की घोषणा की गई थी। बाद में सरकार की तरफ से कहा गया कि अभी कमेटी की




रिपोर्ट नहीं आई है। इसके लिए सरकार को कुछ समय चाहिए। इसके चलते कर्मियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली।

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार ने कहा था, 'पुरानी पेंशन' बहाल न करना, भाजपा के लिए सियासी जोखिम का सबब बन सकता है। लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है, तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वजह, सरकारी कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या 10 करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक साबित हो सकती है। हालांकि तब कर्मचारी संगठनों के 10 करोड़ वोटों पर विपक्षी दलों की भी नजर रही थी।

यही वजह है कि केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांगों की एक सूची इंडिया गठबंधन को सौंपी थी। इन्हें उम्मीद थी कि इंडिया गठबंधन अपने चुनावी एजेंडे में कर्मचारी संगठनों की मांगों को शामिल करेगा। 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' (एआईटीयूसी) ने इंडिया गठबंधन के सामने अपनी 27 मांगें रखी थीं। इन्हें चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने का आग्रह किया गया था। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सदस्य और अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार ने भी कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन को अपनी मांगों की सूची सौंपी थी। इसमें आयुद्ध कारखानों को दोबारा से पहले वाली स्थिति में लाना, एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन की गारंटी, 18 माह के डीए का एरियर देने और हर जिले में सीजीएसएच अस्पताल/वैलनेस सेंटर स्थापित करना आदि, शामिल था।

**ओपीएस पर विपक्षी दलों से बातचीत की गई :** सी. श्रीकुमार के मुताबिक, पुरानी पेंशन को लेकर विपक्षी दलों से बातचीत की गई थी। उस वक्त कहा गया था कि जो भी पार्टी अपने घोषणापत्र में पुरानी पेंशन बहाली का वादा करेगी, उसे कर्मचारियों का समर्थन मिलेगा। हालांकि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले विभिन्न मंचों से कांग्रेस नेता ओपीएस का समर्थन कर रहे थे। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में ओपीएस लागू की थी। कर्नाटक में भी ओपीएस लागू करने का भरोसा दिया था। दूसरे विपक्षी दल भी ओपीएस लागू करने के पक्ष में थे। अब कांग्रेस के घोषणापत्र में ओपीएस को शामिल नहीं किया गया है। इससे कर्मचारी संगठनों को बड़ा झटका लगा है। श्रीकुमार कहते हैं, अब कर्मचारी संगठन, इस बात पर दोबारा से विचार करेंगे कि उनके वोट किस पार्टी के पक्ष में जाएंगे।

**कर्मचारियों से जुड़े 10 करोड़ वोटों का यह है समीकरण :** स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा था, लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है, तो भाजपा को उसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

दस करोड़ वोटों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग, रक्षा कर्मी (सिविल), रेलवे, बैंक, डाक, प्राइमरी, सेकेंडरी, कालेज एवं यूनिवर्सिटी टीचर, दूसरे विभागों एवं विभिन्न निगमों और स्वायत्तशासी संगठनों के कर्मचारियों ने, ओपीएस पर एक साथ आंदोलन किया है। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के अध्यक्ष विजय बंधु ने भी पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर उनसे अपील की थी कि वे पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण की समाप्ति के विषय को पार्टी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल करें। देश में करीब एक करोड़ सरकारी कर्मचारी, एनपीएस में शामिल हैं। वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### डस्टबीन है एनपीएस, मंजूर नहीं संशोधन

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु का कहना है, केंद्र सरकार एनपीएस में संशोधन करने जा रही है। हम ऐसे किसी भी संशोधन के लिए आंदोलन नहीं कर रहे हैं। कर्मियों को गारंटीकृत पुरानी पेंशन ही चाहिए। अगर कोई भी कर्मचारी नेता या संगठन, सरकार के एनपीएस में संशोधन प्रस्ताव पर सहमत होते हैं, तो '2004' वाली गलतियां, '2024' में भी दोहराई जाएंगी। एनपीएस एक डस्टबीन है। करोड़ों कर्मियों का दस फीसदी पैसा और सरकार का 14 फीसदी पैसा, डस्टबीन में जा रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है। पुरानी पेंशन बहाली तक, कर्मियों का आंदोलन जारी रहेगा। वित्त मंत्रालय की कमेटी की रिपोर्ट का कोई मतलब नहीं है। यह रिपोर्ट पेश हो या न हो। इससे कर्मियों को कोई मतलब नहीं है। वजह, यह कमेटी ओपीएस लागू करने के लिए नहीं, बल्कि एनपीएस में सुधार के लिए गठित की गई थी।

### एनपीएस में सुधार करने के लिए कमेटी गठित

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पुरानी पेंशन के मुद्दे पर एक कमेटी गठित करने की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने गत वर्ष छह अप्रैल को वित्त सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर दिया था। इस कमेटी में कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय के सचिव, व्यय विभाग के विशेष सचिव और पेंशन फंड नियमन व विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष को बतौर सदस्य, शामिल किया गया। कमेटी से कहा गया है कि वह नई पेंशन स्कीम 'एनपीएस' के मौजूदा फ्रेमवर्क और ढांचे के संदर्भ में बदलावों की सिफारिश करे। किस तरह से नई पेंशन स्कीम के तहत 'पेंशन लाभ' को और ज्यादा आकर्षक बनाया जाए, इस बाबत सुझाव दें।

कार्यालय ज्ञापन में कमेटी से यह भी कहा गया कि वह इस बात का ख्याल रखें कि उसके सुझावों का आम जनता के हितों व बजटीय अनुशासन पर कोई विपरीत असर न हो। खास बात ये रही कि दो पन्नों के कार्यालय ज्ञापन में कहीं पर भी 'ओपीएस' नहीं लिखा था। उसमें केवल एनपीएस का जिक्र था। जानकारों का कहना है कि अभी कमेटी की रिपोर्ट नहीं आई। कर्मचारी संगठनों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। संभव है कि कमेटी की रिपोर्ट, चुनाव के बीच में आ सकती है। कमेटी द्वारा कर्मचारी संगठनों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि उनके आर्थिक हितों का ध्यान रखा जाएगा। केंद्रीय कर्मचारी संगठन से जुड़े एक पदाधिकारी बताते हैं कि ऐसे में संभव है, भाजपा को फायदा मिल जाए। सरकार, विभिन्न कर्मचारी संगठनों से बातचीत कर उनके सुझाव ले रही है।

# महिला को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया, चिल्लाती रही वो... वीडियो बनाते रहे लोग, किसी ने मदद तक न की

**जालंधर( हिमांशु ) :** तरनतारन से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक युवक के प्रेम विवाह का खामियाजा उसकी मां को भुगतना पड़ा। कस्बा वल्टोहा की रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम विवाह करने वाले युवक की मां को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया।

कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर कुल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, इस शर्मनाक घटना पर महिला आयोग ने भी रिपोर्ट मांग ली है। आयोग ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है कि इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है।

महिला ने थाना वल्टोहा की पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने पड़ोस में रहती युवती के साथ कोर्ट मैरिज की थी। इसी रंजिश के तहत 31 मार्च की शाम करीब छह बजे आरोपी शरणजीत सिंह उर्फ सन्नी, गुरचरण सिंह, कुलविंदर कौर उर्फ मनी और दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर के बाहर आए और चिल्लाने




लगे। शोर सुनकर जब वह घर से बाहर निकली तो आरोपियों ने उसके साथ कोर्ट मैरिज की बात करते हुए उसके गले में हाथ डाल दिया। उसकी कमीज फाड़ कर उसे अर्धनग्न कर दिया और गलियों में दौड़ाया। वह मदद के लिए चिल्लाई, तो उसका पति और अन्य लोग इकट्ठा हो गए। आरोपियों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। भिखीविंड के डीएसपी प्रीत इंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़िता के बयान के मुताबिक शरणजीत सिंह, गुरचरण सिंह, कुलविंदर कौर निवासी वल्टोहा और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापे मारे जा रहे हैं।

**पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप**

महिला ने आरोप लगाया कि 31 मार्च की रात को ही पुलिस के पास जाकर शिकायत की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। यही नहीं पुलिस ने मामला भी चार अप्रैल को दर्ज किया।

**वीडियो बनाते रहे आरोपी, किसी ने नहीं की मदद :** आपबीती बताते हुए महिला ने बताया कि जब आरोपी उसे अर्धनग्न कर दौड़ा रहे थे तो किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। इतना ही नहीं, आरोपी वीडियो भी बनाते रहे, जिसका एक राहगीर ने विरोध किया तो आरोपी ने वीडियो बनाना बंद कर दी। इस सब के बावजूद आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

तरनतारन में एक महिला के साथ हुई शर्मनाक घटना ने काफी तूल पकड़ लिया है। दरअसल तरनतारन के एक गांव में एक महिला के साथ हुई शर्मनाक घटना पर महिला आयोग ने रिपोर्ट मांगी है। पंजाब महिला आयोग ने तरनतारन में हुई शर्मनाक घटना पर नोटिस लिया है तथा उक्त घटना संबंधी पुलिस द्वारा क्या एक्शन लिया गया है, संबंधी रिपोर्ट मांगी गई है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

